भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र SPACE APPLICATIONS CENTRE
अहमदाबाद AHMEDABAD -380015

सत्यमेव जयते

इसरो isro

**विज्ञापन सं./ADVERTISEMENT NO.: सैकSAC:01:2024, दिनांक Dated 17.09.2024**

**(ऑनलाइन पंजीयन तथा आवदेन प्रस्तुत करने के लिए ऑनलाइन भर्ती पोर्टल 17.09.2024 के 1000 बजे से 07.10.2024 के 1730 बजे तक खुला रहेगा)**

**(Online recruitment portal will be open from 1000 hours of 17.09.2024 to 1730 hours of 07.10.2024 for online registration and submission of application)**

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक), अहमदाबाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के अग्रणी केंद्रों में से एक है। सैक, इसरो के स्थलीय एवं ग्रहीय मिशनों के लिए अंतरिक्षवाहित यंत्रों को डिजाइन करता है और सामाजिक लाभ के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का प्रचालन करता है। इन अनुप्रयोगों में संचार, प्रसारण, नौवहन, आपदा निगरानी, मौसमविज्ञान, समुद्रविज्ञान, पर्यावरण निगरानी तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन शामिल हैं। सैक संचार उपग्रहों की इन्सैट और जीसैट श्रृंखला के लिए प्रेषानुकर तथा भू-प्रेक्षण उपग्रहों की आईआरएस श्रृंखला हेतु प्रकाशिकी एवं सूक्ष्मतरंग संवेदकों को डिजाइन तथा विकसित करता है। साथ ही सैक भू-ट्रांसमिट व अभिग्रहण प्रणालियों तथा डेटा/ प्रतिबिंब संसाधन प्रणालियों का विकास भी करता है। सैक के पास इलेक्ट्रॉनिक एवं मेकेनिकल संविरचन, पर्यावरणीय परीक्षणों तथा प्रतिबिंब संसाधन व विश्लेषण हेतु उच्च आधुनिक नीतभार डिजाइन एवं समाकलन प्रयोगशालाएं हैं।

Space Applications Centre (SAC), Ahmedabad is one of the lead Centres of Indian Space Research Organisation (ISRO), Department of Space (DOS). SAC focuses on design of space borne instruments for terrestrial and planetary missions of ISRO and development and operationalisation of space technology for societal benefits. The applications cover communication, broadcasting, navigation, disaster monitoring, meteorology, oceanography, environment monitoring and management of natural resources. All the transponders for the INSAT and GSAT series of communication satellites and the optical and microwave sensors for IRS series of earth observation satellites are designed and developed at SAC. Further, SAC develops ground transmit and receive systems and data / image processing systems. SAC has highly sophisticated payload design & integration laboratories, facilities for electronic & mechanical fabrication, environmental tests and image processing & analysis.

प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन हेतु, सैक ने कृषि, वानिकी, समुद्रतट अंचल प्रबंधन, शहरी नियोजन, हिम एवं हिमनद अध्ययन, समुद्रविज्ञान एवं वायुमंडलीय अध्ययनों के क्षेत्र में अग्रणी योगदान दिया है। सैक ने प्रमुख फसलों के उत्पादन के पैदावार पूर्वानुमान, उपग्रह डेटा का उपयोग करते हुए संभाव्य मत्स्यन क्षेत्र के पूर्वानुमान तथा प्रकाशिकी एवं सूक्ष्मतरंग सुदूर संवेदन डेटा का उपयोग करते हुए हिमालयी एवं ध्रुवीय क्रायोस्फिरिक के अध्ययन और समुद्रतटीय क्षेत्रों की निगरानी हेतु संकल्पना एवं तकनीकी विकसित की है। दिशा एवं भूमि-आपतन के मानदंडों में चक्रवातों के अनुवर्तन हेतु पद्धतिविज्ञान विकसित किया है और इनका उपयोग हाल ही में चक्रवातों के लिए किया गया है। समुद्र सतह तापमान, पवन गति, तरंग तुंगता आदि जैसे समुद्री प्राचलों के साथ जलवाष्प, मेघ तरल जल मात्रा आदि जैसे वायुमंडलीय प्राचलों को निकालने के लिए कलनविधि भी विकसित की गई है।

For natural resource management, SAC has made pioneering contributions in the fields of agriculture, forestry, coastal zone management, urban planning, snow & glacier studies, oceanography & atmospheric studies. SAC has developed concept and techniques for pre-harvest estimation of production of major crops, forecasting of potential fishing zones using satellite data, studies of Himalayan and Polar cryosphere and monitoring of coastal zones using optical as well as microwave remote sensing data. Methodology for tracking cyclones in terms of intensity, direction and land falls has been developed and used for recent cyclones. Algorithms have also been developed to derive ocean parameters like sea surface temperature, wind speed and wave heights as well as atmospheric parameters such as water vapour and cloud liquid water content.

वर्तमान गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं में शामिल मुख्य क्षेत्र हैं:

The thrust areas of current activities and future plans include:

- भारतीय मिशनों (ओशनसैट 3/3ए, जीआईसैट-1, इन्सैट-3डीआर, इन्सैट-3डीएस, रिसोर्ससैट-2/2ए, स्कैटसैट-1, कार्टोसैट-2, आरआईसैट श्रृंखला एवं चंद्रयान- 2 इत्यादि) से डेटा की उपयोगिता
  Utilization of data from Indian Missions (Oceansat 3/3A, GISAT-1, INSAT-3DR, INSAT-3DS, Resourcesat-2/2A, SCATSAT-1, CARTOSAT-2, RISAT series, and Chandrayaan-2 etc.)
- उपग्रह आधारित समुद्री प्रक्रिया की समझ, विकास, अनुसंधान एवं ब्लू इकॉनमी के लिए अनुप्रयोग (समुद्र)
  Satellite based Marine process understanding, development, Research and Applications for Blue Economy (SAMUDRA)
- भूभौतिकी एवं जैव भूभौतिकी प्राचलों की पुन:प्राप्ति हेतु उन्नत अनुसंधान एवं विकास
  Advance R & D on retrieval of Geophysical and Bio-geophysical parameters
- पृथ्वी प्रणाली विज्ञान के लिए अनुकरण एवं मॉडलिंग
  Simulation and Modelling for Earth System Science
- हिमालयी एवं ध्रुवीय क्रायोस्फेरिक विज्ञान एवं अनुप्रयोग
  Himalayan and Polar Cryospheric Science and applications
- आपदा पूर्वानुमान के लिए पूर्व चेतावनी
  Early Warning for Disaster Forecasting
- भू-विज्ञान अनुप्रयोग
  Geo-Science Applications
- ऊर्जा अध्ययन के लिए ईओ डेटा का अनुप्रयोग
  Application of EO data for Energy Studies
- भूमि जल-विज्ञान मॉडलिंग एवं अनुप्रयोग
  Land Hydrological modelling and applications
- जलवायु परिवर्तन अध्ययन
  Climate Change Studies
- भूमि, समुद्र एवं वायुमंडलीय संवेदकों एवं भूभौतिकी उत्पादों का अंशांकन एवं सत्यापन
  Calibration and Validation of Land, ocean and atmosphere sensors & geophysical products
- भू प्रेक्षण एवं सैटकॉम अनुप्रयोगों में तालमेल
  Synergy of Earth Observation and SATCOM Applications
- चंद्रमा एवं मंगल के लिए ग्रहीय विज्ञान अध्ययन
  Planetary Science Studies for Moon and Mars

सैक, **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) एवं अनुसंधान सहयोगी (आरए)** के पदों के लिए निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है**:**

SAC invites on-line applications for the posts of **Junior Research Fellows (JRFs) and Research Associates (RAs)** as per following details:

| **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता Junior Research Fellow** | | | |
|---|---|---|---|
| पद कोड **Post Code** | विषय विशेषज्ञता **Subject Specialisation** | पदों की संख्या **No. of Posts** | अनिवार्य अर्हता **Essential Qualification** |
| 01 | भूभौतिकी/अनुप्रयुक्त भूभौतिकी/भूविज्ञान/ अनुप्रयुक्त भूविज्ञान Geophysics / Applied Geophysics / Geology / Applied Geology | 3 | भूभौतिकी या अनुप्रयुक्त भूभौतिकी या भूविज्ञान या अनुप्रयुक्त भूविज्ञान में न्यूनतम **60%** अंक (सभी सेमेस्टरों/वर्षों का औसत) या **10** पॉइंट पैमाने पर **6.5** की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ एम.टेक या समकक्ष डिग्री / न्यूनतम **65%** अंक (सभी सेमेस्टरों/वर्षों का औसत) या **10** पॉइंट पैमाने पर **6.84** की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ एम.एससी. या समकक्ष डिग्री। * <br>M. Tech or equivalent degree with a minimum of 60% marks (average of all semesters/years) or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 Point scale / M.Sc. or equivalent degree with a minimum of 65% marks (average of all semesters/years) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 Point scale in Geophysics or Applied Geophysics or Geology or Applied Geology. ***** |
| 02 | भौतिकी/गणित Physics / Mathematics | 8 | भौतिकी या गणित में न्यूनतम **60%** अंक (सभी सेमेस्टरों/वर्षों का औसत) या **10** पॉइंट पैमाने पर **6.5** की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ एम.टेक या समकक्ष डिग्री / न्यूनतम **65%** अंक (सभी सेमेस्टरों/वर्षों का औसत) या **10** पॉइंट पैमाने पर **6.84** की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ एम.एससी. या समकक्ष डिग्री* <br>M. Tech or equivalent degree with a minimum of 60% marks (average of all semesters/years) or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 Point scale / M.Sc. or equivalent degree with a minimum of 65% marks (average of all semesters/years) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 Point in Physics or Mathematics***** |
| 03 | समुद्री जीवविज्ञान/ समुद्र भूभौतिकी Marine Biology / Marine Geophysics | 2 | समुद्री जीवविज्ञान या समुद्र भूभौतिकी में न्यूनतम **60%** अंक (सभी सेमेस्टरों/वर्षों का औसत) या **10** पॉइंट पैमाने पर **6.5** की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ एम.टेक. या समकक्ष डिग्री / न्यूनतम **65%** अंक (सभी सेमेस्टरों/वर्षों का औसत) या **10** पॉइंट पैमाने पर **6.84** की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ एम.एससी. या समकक्ष डिग्री***** <br>M. Tech or equivalent degree with a minimum of 60% marks (average of all semesters/years) or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 Point scale / M.Sc. or |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | equivalent degree with a minimum of 65% marks (average of all semesters/years) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 Point scale in Marine Biology or Marine Geophysics***** |
| 04 | जियोइंफरमेटिक्स/ सुदूर संवेदन/ भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी Geo-informatics / Remote Sensing / Geospatial Technology | 6 | **I.** जियोइंफरमेटिक्स या सुदूर संवेदन या भू-स्थानिक प्रौद्योगिकी में न्यूनतम **60%** अंक (सभी सेमेस्टरों/वर्षों का औसत) या **10** पॉइंट पैमाने पर **6.5** की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग सहित एम. टेक. या समकक्ष डिग्री / न्यूनतम **65%** अंक (सभी सेमेस्टरों/वर्षों का औसत) या **10** पॉइंट पैमाने पर **6.84** की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग सहित एम.एससी. या समकक्ष डिग्री *****<br>M. Tech or equivalent degree with a minimum of 60% marks (average of all semesters/years) or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 Point scale / M.Sc. or equivalent degree with a minimum of 65% marks (average of all semesters/years) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 Point scale in Geo-informatics or Remote Sensing or Geospatial Technology*****<br><br>**II.** उम्मीदवार के पास विज्ञान/इंजीनियरिंग/प्रौद्योगिकी में स्नाताक की उपाधि होनी चाहिए<br>The candidate must have Bachelor's degree/Graduation in Science /Engineering/Technology |
| **अनुसंधान सहयोगी Research Associate** | | | |
| 05 | भौतिक समुद्रविज्ञान Physical Oceanography | 2 | भौतिक समुद्र विज्ञान से संबंधित अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करते हुए समुद्र विज्ञान/भौतिक समुद्र विज्ञान/मौसम विज्ञान या संबंधित विषय में पीएच.डी.<br>Ph.D. in Oceanography / Physical Oceanography / Meteorology or related discipline focussing on research related to Physical Oceanography<br>**अथवा OR**<br>10 अंकों के पैमाने पर न्यूनतम 60% (सभी सेमेस्टरों/वर्षों का औसत) या सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग 6.5 के साथ समुद्र विज्ञान / भौतिक समुद्र विज्ञान/मौसम विज्ञान या संबंधित विषय में एम.ई. या एम. टेक. के बाद 3 वर्ष का अनुसंधान, शिक्षण, डिजाइन और विकास का अनुभव तथा विज्ञान उद्धरण अनुक्रमित (एससीआई) जर्नल में कम से कम एक शोध पत्र हो।<br>3 years' research, teaching, design and development experience after M.E or M. Tech. in Oceanography /Physical Oceanography / Meteorology or related discipline with an aggregate minimum of 60% (average of all semesters/years) or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale and at least one research paper in Science Citation Indexed (SCI) journal. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 06 | मौसम विज्ञान<br>Atmospheric Science | 1 | वायुमंडलीय विज्ञान से संबंधित अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करते हुए वायुमंडलीय विज्ञान या मौसम विज्ञान या संबंधित विषय में पीएच.डी.<br>Ph.D. in Atmospheric Science or Meteorology or related discipline focussing on research related to Atmospheric Science<br>अथवा **OR**<br>10 अंकों के पैमाने पर न्यूनतम 60% (सभी सेमेस्टरों/वर्षो का औसत) या 6.5 की सीजीपीए/सीपीआई ग्रेडिंग के साथ वायुमंडलीय विज्ञान या मौसम विज्ञान या संबंधित विषय में एम.ई. या एम. टेक. के बाद 3 साल का अनुसंधान, शिक्षण, डिजाइन और विकास का अनुभव तथा विज्ञान उद्धरण अनुक्रमित (एससीआई) जर्नल में कम से कम एक शोध पत्र हो।<br>3 years' research, teaching, design and development experience after M.E or M. Tech. in Atmospheric Science or Meteorology or related discipline with an aggregate minimum of 60% (average of all semesters/years) or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale and at least one research paper in Science Citation Indexed (SCI) journal. |

*** जेआरएफ (पद कोड 01,02,03 व 04) के पद के लिए, आवेदक के पास निम्नलिखित में से कोई एक अर्हता भी होनी चाहिए:**

**For the posts of JRF (Post Code 01, 02, 03 & 04), applicants should also have qualified one of the following:**

1. राष्ट्रीय पात्रता परीक्षण- सीएसआईआर-यूजीसी नेट-लेक्चररशिप सहित (सहायक प्रोफेसरशिप)
National Eligibility Test- CSIR-UGC NET including Lectureship (Assistant Professorship).

2. ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट)
Graduate Aptitude Test in Engineering (GATE).

3. केंद्र सरकार के विभागों और उनकी एजेंसियों तथा संस्थानों जैसे डीएसटी, डीबीटी, डीएई, डीओएस, डीआरडीओ, एमओई, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईआईटी, आईआईएससी, आईआईएसईआर, एनआईएसईआर, आदि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर परीक्षा।
National level examinations conducted by Central Government Departments and their Agencies and institutions such as DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MoE, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER, NISER etc.

**उपरोक्त अर्हता परीक्षा के अंक/परिणाम ऑनलाइन आवेदन की समापन तिथि अर्थात् 07.10.2024 के अनुसार मान्य होने चाहिए।**

**Above qualified examination score/result should be valid on the closing date of online application i.e. 07.10.2024.**

**नोट: जेआरएफ के पदों के लिए**, ऐसे अभ्यर्थी जिनके पास नेट या गेट या केंद्र सरकार के विभागों द्वारा आयोजित किसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) की वैध योग्यता नहीं है, लेकिन जेआरएफ पद के लिए अन्य सभी पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं, वे भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, ऐसे आवेदनों पर विचार करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:

| |
|---|
| यदि जेआरएफ के किसी विशिष्ट पोस्ट कोड के लिए वैध नेट/गेट या समकक्ष योग्यता वाले पर्याप्त आवेदन प्राप्त नहीं होते हैं, तो सैक आगे की भर्ती प्रक्रिया हेतु उन आवेदनों पर भी विचार कर सकता है जिनके पास नेट/गेट/समकक्ष योग्यता नहीं है। ऐसी स्थिति में इन अभ्यर्थियों के लिए अखिल भारतीय स्तर की परीक्षा आयोजित की जाएगी ताकि गैर नेट/गेट योग्य अभ्यर्थियों को भी नेट/गेट योग्य अभ्यर्थियों के समकक्ष लाया जा सके, बशर्ते कि वे इस प्रकार आयोजित परीक्षा में उत्तीर्ण हों। इस बारे में आगे की जानकारी यथासमय प्रदान की जाएगी।<br>**Note: For the posts of JRFs,** candidates who do not possess valid qualification of either NET or GATE or any national level examinations conducted by the Central Government Departments (as mentioned above) but fulfil all other eligibility conditions for the post of JRF can also apply online. However, process followed for consideration of such applications shall be as under:<br>If sufficient applications with valid NET/GATE or equivalent qualification are not available for any specific post code of JRFs then SAC may also consider applications who does not possess NET/GATE/equivalent qualification for further process of recruitment. In this case an all India level examination will be conducted for these candidates in order to bring the non-NET/GATE qualified candidates also at par with the NET/GATE qualified candidates provided they qualify in the examination so conducted. Further details regarding this shall be provided in due course. |

संपूर्ण शिक्षणकाल के दौरान विज्ञान / इंजीनियरिंग विषय में अभ्यर्थी का शिक्षण एवं शैक्षिक रिकॉर्ड अच्छा होना चाहिए।

Candidates should have good academic record and education throughout in Science / Engineering Stream.

| **कार्य प्रकृति**<br>Work Element | |
|---|---|
| **पद कोड 01,02,03 व 04 के लिए / For post code 01, 02, 03 & 04** | जेआरएफ को प्राकृतिक संपदा के मॉनीटरन, मॉडलीकरण तथा प्रबंधन के लिए सुदूर संवेदन के भूमि, समुद्र तथा वायुमंडलीय अनुप्रयोग पर कार्य करना होगा। इसके अतिरिक्त, ग्रहीय विज्ञान तथा वेब आधारित सेवाओं में भी अनुसंधान के अवसर प्रदान किए जा सकते हैं।<br>JRFs have to work on land, ocean, atmosphere applications of remote sensing for monitoring, modelling and management of natural resources. In addition, research opportunities can be given in planetary sciences and web based services. |
| **वांछनीय अर्हता एवं कार्य प्रकृति**<br>Desirable Qualifications and Work Element | |
| **पद कोड 05 के लिए / For post code 05** | संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान/ समुद्र मॉडल/उपग्रह उपयोजन तकनीक में अनुसंधान अनुभव<br>Research experience in Numerical Weather forecasting / Ocean Models/ Satellite Retrieval Techniques. |
| **पद कोड 06 के लिए / For post code 06** | मॉडलीकरण, उपयोजन तथा उपग्रह डाटा विश्लेषण में अनुसंधान अनुभव<br>Research experience in modelling, retrieval and satellite data analysis. |

| |
|---|
| **उपरोक्त कार्य विवरण केवल कार्य की एक रूपरेखा है, न कि संपूर्ण विवरण।**<br>**The Job Description provided above is just an outline of the work and is not exhaustive.** |

| आयु सीमा AGE LIMIT | |
|---|---|
| पद कोड 01, 02, 03 तथा 04 हेतु<br>For Post Code 01, 02, 03 and 04 | अधिकतम आयु सीमा **07.10.2024 तक 28 वर्ष**/ Maximum Age limit is **28 years as on 07.10.2024** |
| पद कोड 05 तथा 06 हेतु<br>For Post Code 05 and 06 | अधिकतम आयु सीमा **07.10.2024 तक 35 वर्ष**/ Maximum Age limit is **35 years as on 07.10.2024** |

अ.जा/अ.ज.जा के मामले में अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट तथा अ.पि.व.-एनसीएल के उम्मीदवारों के लिए 3 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

Upper age limit is relaxable by 5 years in case of SC/ST and 3 years in case of OBC-NCL candidates.

सेवारत केंद्र सरकार के कर्मचारी, बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति आदि भारत सरकार के नियमों/ आदेशों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट के पात्र हैं।

Serving Central Govt. Employees, Persons with Benchmark Disabilities etc. are eligible for upper age relaxation as per Govt. of India rules/orders.

| परिलब्धियाँ और अन्य लाभ Emoluments & other benefits: | |
|---|---|
| **अध्येतावृत्ति राशि (जेआरएफ)**<br>**Fellowship amount (JRF)** | **प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में ₹ 37000/- प्रति माह+ म.कि.भ.**<br>**For 1st& 2nd year ₹37000/- Per month + HRA**<br>**अनुवर्ती वर्षों में ₹42000/- प्रति माह+ म.कि.भ.**<br>**For the subsequent years ₹42000/- Per month + HRA** |
| **अनुसंधान एसोशिएटशीप राशि (आरए) ***<br>**Research Associateship amount (RA)** | **अनुसंधान सहयोगी-1 ₹58000/- प्रति माह+ म.कि.भ.**<br>**Research Associate - 1 ₹58000/- Per month + HRA**<br>**अनुसंधान सहयोगी- 2 ₹61000/- प्रति माह+ म.कि.भ.**<br>**Research Associate – 2 ₹61000/- Per month + HRA**<br>**अनुसंधान सहयोगी- 3 ₹67000/- प्रति माह+ म.कि.भ.**<br>**Research Associate – 3 ₹67000/- Per month + HRA** |

*चयन समिति द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार उम्मीदवारों को उनकी योग्यता के आधार पर अनुसंधान एसोसिएटशिप राशि के उपर्युक्त ग्रेडों में से एक प्रदान किया जाएगा।

Candidates would be awarded one of the above grades of Research Associateship amount depending on their merit as assessed by the Selection Committee.

तैनाती के स्थान पर निर्धारित दर से लागू एचआरए का भुगतान किया जाएगा और विद्यमान नियमों के अनुसार केवल स्वयं के लिए चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जाएगी। इस सुविधा के लिए फेलोशिप राशि को मूल वेतन माना जाएगा। विद्यमान अं.वि./भारत सरकार के नियमानुसार छुट्टी एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा, चयनित अभ्यर्थी नियमित कर्मचारियों को प्राप्त अन्य सुविधाओं या छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।

HRA at the prescribed rates in force at the place of posting will be paid and Medical benefits for self only will be allowed as per extant rules. The fellowship amount shall be taken as Basic pay for this purpose. Leave and other benefits will be granted as per extant DOS/GOI rules. Apart from this, the candidates selected will not be entitled to any benefits or concessions admissible to regular employees.

## चयन प्रक्रिया SELECTION PROCESS:

ऊपर उल्लिखित योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है और उक्त का होना अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के लिए स्वतः पात्र नहीं बना देता है। अभ्यर्थियों का वैयक्तिक साक्षात्कार का लिए लघुसूचीयन शैक्षिक रिकॉर्ड और/या

| |
|---|
| लिखित परीक्षा (यदि आवश्यक हो) के आधार पर किया जाएगा। केवल लघुसूचीकृत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। केवल लघुसूचीकृत अभ्यर्थियों को सूचना प्रदान की जाएगी। चयन केवल वैयक्तिक साक्षात्कार में प्रदर्शन पर आधारित होगा। यदि अभ्यर्थी समकक्ष विशेषज्ञता का दावा करता है तो उसे अपने संस्थान/ विश्वविद्यालय से इस आशय का प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा कि विज्ञापन में मांगी गई विशेषज्ञता उनके द्वारा आवेदित पद के समतुल्य है। अंतिम निर्णय का अधिकार सैक के पास सुरक्षित है। लघुसूचीकृत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के बुलावा-पत्र केवल ईमेल के माध्यम से भेजे जाएंगे। लघुसूचीकृत नहीं किए गए अभ्यर्थियों को कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी।<br>The qualification prescribed is the minimum requirement and possession of the same does not automatically make the candidates eligible for selection process. Shortlisting of candidates will be done based on academic records and/or written test (if required) for the personal interview. The shortlisted candidates will be called for interview. Communication shall be sent only to the shortlisted candidates. The selection will be based on the performance in personal interview only. In case candidate is claiming equivalent specialization, he/she has to obtain certificate from his/her Institute/University stating that the specialization is equivalent to the one asked in the advertisement for the post applied for. SAC reserves the right for the final decision. The call letters for the interview to the short-listed candidates will be sent only by e-mail. No communication shall be made to the candidates who are not short-listed. |

| **महत्वपूर्ण सूचना IMPORTANT INFORMATION :** | |
|---|---|
| 1. | **केवल भारतीय** आवेदन करें।<br>**Only Indian** Nationals need to apply. |
| 2. | मात्र ऑनलाइन किए गए आवेदनों पर विचार किया जाएगा। प्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>Applications made online only will be entertained. Physical applications will not be entertained. |
| 3. | **किसी भी पद के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं है।**<br>**There is no application fees for any post.** |
| 4. | ऊपर दर्शायी गई रिक्तियां अनंतिम हैं तथा संगठन की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर बढ़ाई या घटाई जा सकती हैं। प्रशासनिक आवश्यकतानुसार, किसी भी पद को न भरने / किसी भी स्तर पर भर्ती को रद्द करने का अधिकार केंद्र के पास सुरक्षित है।<br>The number of vacancies indicated above are provisional and may be increased or decreased depending on the actual requirements of the Organisation. The Centre reserves the right to cancel recruitment at any stage / not to fill-up any of the post, as per administrative convenience. |
| 5. | आवेदन मात्र ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे। ऑनलाइन पंजीयन तथा ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु ऑनलाइन भर्ती पोर्टल **17.09.2024 के 1000 बजे से 07.10.2024 के 1730 बजे तक खुला रहेगा।** इच्छुक अभ्यर्थी इसके लिए हमारी वेबसाइट https://www.sac.gov.in अथवा https://career.sac.gov.in देख सकते हैं।<br>Applications will be received online only. The online recruitment portal will be available from **1000 hours on 17.09.2024 to 1730 hours on 07.10.2024** for online registration and filling up of online application**.** Interested candidates may visit our web-site https://www.sac.gov.in OR https://career.sac.gov.in for this purpose. |
| 6. | **अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता मानदंडो को पूर्ण करते हैं और वे विज्ञापन तथा आवेदन फार्म में निहित अनुदेशों का अनुसरण करें। अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं आवेदन फार्म को पूर्ण रूप से भरें और इस संबंध में दिए गए अनुदेशों के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करें।** |

| | |
|---|---|
| | **It is for candidates to ensure that he/she fulfils the eligibility criteria and complies with the requirements adhering to the instructions contained in this advertisement as well as in the application form. Candidates are, therefore urged to carefully read the advertisement and complete the application form and submit the same as per instructions given in this regard.** |
| 7. | यदि एक या उससे अधिक पद कोड के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया जाता है तो, सैक की वेबसाईट पर लिखित परीक्षा के नियम अलग से जारी किए जाएंगे।<br>If it is decided to conduct written test for one or more post codes, then written test modalities will be published on SAC website separately. |
| 8. | ऑनलाइन आवेदन करते समय, जहाँ आवश्यक हो वहां वैध जाति/जनजाति प्रमाण-पत्र, मानक दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) प्रमाण-पत्र को विधिवत प्रारूप में अपलोड किया जाए। आगे, दस्तावेज अपलोड करने के संबध में निर्देश ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने के सामान्य दिशा-निर्देश में दिए गए हैं।<br>While applying online, wherever required valid Caste/Tribe Certificate, Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) Certificate should be uploaded in the prescribed format. Further, instructions regarding uploading of documents are available at General Guidelines For Filling The Online Application Form. |
| 9. | ऑनलाइन पंजीकरण के पश्चात्, आवेदक को एक पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी, जिसे भविष्य में सभी प्रकार के पत्रव्यवहार के लिए प्रयोग किया जाए। ऑनलाइन पंजीकरण पूर्ण होने के बाद, अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन के लिए आगे बढ़ सकता है। ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के बाद, भविष्य में संदर्भ के लिए आवेदन का प्रिंट आउट लेकर रखें। **कृपया नोट करें कि आवेदन की प्रिंटिंग के लिए साइट दिनांक 07.10.2024 के 17.30 बजे के पश्चात् उपलब्ध नहीं रहेगी।**<br>Upon online registration, applicants will be provided with a registration number, which should be used for all future correspondence. After completion of online registration, candidate can proceed for online application. After submission of online application, take print out of the application summary for future reference. **Please note that site will not be open for printing the application summary after 17:30 hours of 07.10.2024.** |
| 10. | यह पूर्वापेक्षित शर्त है कि प्रत्येक पद के समक्ष नियत अर्हता विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा उक्त पाठ्यक्रम की अनुबंधित अवधि के भीतर पूर्ण कर ली गई हो।<br>It is a pre-requisite condition that the prescribed qualification against each post should have been completed within the stipulated duration of the course as prescribed by the University/Institution. |
| 11. | यदि कोई विश्वविद्यालय अपने उपाधि प्रमाण–पत्र या समेकित मार्क-शीट में सीजीपीए और अंकों के प्रतिशत, दोनों का उल्लेख करता है, तो कम–से-कम एक मानदंड (सीजीपीए या प्रतिशत) अं.वि./इसरो के पात्रता मानदंडो के अनुरूप होना चाहिए।<br>Where a university mentions both CGPA & Percentage of marks in Degree certificate or Consolidated Mark-sheet, then at least one criteria i.e. either CGPA or percentage of marks should meet ISRO/DOS eligibility norms. |
| 12. | जहाँ विश्वविद्यालय अपने उपाधि प्रमाण–पत्र या समेकित मार्क-शीट में मात्र सीजीपीए का उल्लेख करता है, तो उल्लिखितानुसार सीजीपीए निश्चित ही अं.वि./इसरो के पात्रता मानदंड के अनुरूप होना चाहिए। संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा रूपांतरण सूत्र निर्धारित होने पर भी पात्रता निर्धारित करने के लिए सीजीपीए को अंकों के प्रतिशत में बदलने की अनुमति नहीं है। यही मानदंड यथोचित परिवर्तनों सहित उन मामलों में भी लागू होते हैं, जहाँ उपाधि प्रमाण–पत्र/समेकित मार्क-शीट पर मात्र अंकों का प्रतिशत उल्लिखित है।<br>Where a University mentions only CGPA in its Degree certificate or Consolidated Mark-sheet, then the CGPA so mentioned should necessarily meet DOS/ISRO's eligibility criteria. Conversion of CGPA into percentage of marks is not permitted to determine |

| | |
|---|---|
| | eligibility regardless of whether any conversion formula is prescribed by the University/Institution concerned. The same criteria apply mutatis mutandis in cases where only percentage of marks is mentioned in Degree Certificate/Consolidated Mark-sheet. |
| 13. | अंकों के पूर्णांकन की अनुमति नहीं है।<br>Rounding-off of marks is NOT allowed. |
| 14. | **डयुअल/एकीकृत स्नातक डिग्री के मामले में / <u>For candidates having Dual/Integrated Degree:</u>**<br>1. डयुअल/ इंटीग्रेटेड डिग्री प्रमाणपत्र में जहाँ स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए सीजीपीए / प्रतिशत अलग-अलग दर्शाए गए हैं, वहाँ स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के सीजीपीए / प्रतिशत की विद्यमान प्रक्रिया के अनुसार संगणना की जाएगी।<br>Where a CGPA/Percentage for Graduation and Post-Graduation is mentioned separately in Dual/Integrated Degree Certificate, CGPA/Percentage of the graduation and post-graduation level shall be reckoned as per existing procedure.<br>2. जहां डयुअल/समेकित उपाधि प्रमाण-पत्र में अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए एक ही सीजीपीए/प्रतिशत उल्लिखित है, वहां पात्रता तय करने हेतु डयुअल/एकीकृत डिग्री प्रमाण पत्र में अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए प्रदत्त अंतिम सीजीपीए/प्रतिशत की गणना की जाएगी ;<br>Where a common CGPA/percentage applicable for the entire course of study only mentioned in Dual/Integrated Degree Certificate, final CGPA/percentage as mentioned in the Dual/ Integrated Degree Certificate as applicable for the entire course of study shall be reckoned for deciding the eligibility.<br>3. यदि कोई विश्वविद्यालय अपने डयुअल/एकीकृत उपाधि प्रमाण–पत्र में कोई सीजीपीए/प्रतिशत निर्धारित नहीं करता है, तो अंतिम/समेकित मार्कशीट के अनुसार संचयी सीजीपीए/ प्रतिशत, जैसा कि अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए लागू हो, पात्रता तय करने हेतु मान्य होगा;<br>Where a University does not prescribe any CGPA/percentage in Dual/ Integrated Degree Certificate the cumulative CGPA/percentage as per Final/Consolidated Mark Sheet, as applicable for the entire course of study shall be reckoned for deciding the eligibility.<br>4. उपरोक्त मानदंड समान रूप से लागू होंगे चाहे कोई विश्वविद्यालय/संस्थान अपने डयुअल/एकीकृत उपाधि प्रमाण–पत्र में स्नातक/स्नातकोत्तर के लिए सीजीपीए/प्रतिशत प्राप्त करने हेतु एक सूत्र निर्धारित करता हो या नहीं;<br>The above criteria will apply uniformly regardless of whether or not a University/Institution prescribes a formula to derive the CGPA/percentage for Graduation/Post Graduation in its Dual/Integrated Degree Certificate. |

| | |
|---|---|
| 15. | आगे की भर्ती प्रक्रिया/ वैयक्तिक साक्षात्कार के संबंध में अभ्यर्थी से सभी प्रकार का संप्रेषण **मात्र ईमेल/ सैक वेबसाइट** के माध्यम से ही किया जाएगा। इस वजह से, पंजीकरण पूर्ण करते समय और ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करते समय अभ्यर्थी अपने ईमेल आईडी सही और अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। इसके अलावा, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने ईमेल की नियमित रूप से जाँच करते रहें और समय-समय पर सैक वेबसाइट देखते रहें। सैक/इसरो, अभ्यर्थी को ईमेल प्राप्त न होने और/अथवा तकनीकी या अन्य किसी भी कारण से संप्रेषण में असफलता/अवरोध के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।<br>All communication with the candidates regarding further recruitment process/Personal Interview will be sent through **E-mail / SAC website only**. For this purpose, candidates are required to furnish their E-mail ID correctly and compulsorily while completing the registration and submitting online application. Moreover, the applicants are advised to check their e-mail regularly and visit the SAC website from time to time. SAC/ ISRO will not be responsible for non-receipt of e-mail and/or any failure/interruption in communication due to technical or whatsoever reason/s to the candidates. |
| 16. | अभ्यर्थियों को वैयक्तिक साक्षात्कार के समय सत्यापन हेतु आवेदन में दिए गए विवरण के साक्ष्य के रूप में मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। **उक्त दस्तावेजों को प्रस्तुत न करने पर उन्हें वैयक्तिक साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी और उन्हें किसी यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।**<br>Candidates will have to produce original documents in proof of the details furnished in their online application at the time of Personal Interview for verification. **Those who fail to produce the said documents shall not be permitted to appear in the Personal Interview and TA will not be paid.** |
| 17. | **अनापत्ति प्रमाणपत्र :** सरकारी/ सार्वजनिक उपक्रम/ अर्ध सरकारी/ स्वायत्त संगठन में कार्य करने वाले अभ्यर्थियों को वैयक्तिक साक्षात्कार के समय अपने संबंधित संगठन से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करना होगा। **यदि कोई अभ्यर्थी वैयक्तिक साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है तो उन्हें वैयक्तिक साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी और यात्रा भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।**<br>**No Objection Certificate:** Candidates who are employed under Central/State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies etc. have to submit 'No Objection Certificate' from the employer concerned, at the time of Personal Interview**. Any candidate, who fails to submit NOC in original at the time of Personal Interview, shall not be permitted to appear in the Personal Interview and TA will not be paid.** |
| 18. | **07/10/2024 को आयु गणना, अनिवार्य अर्हता प्राप्ति आदि जैसे सभी उद्देश्यों के लिए कट-ऑफ डेट माना जाएगा।**<br>**07/10/2024 will be the cut-off date for all purposes like computation of age, acquiring essential qualification etc.** |
| 19. | विदेश के विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त डिग्री वाले अभ्यर्थियों को वैयक्तिक साक्षात्कार के समय भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू), नई दिल्ली द्वारा जारी समतुल्यता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।<br>Candidates possessing Degrees awarded by foreign universities should produce the equivalency certificate issued by Association of Indian Universities (AIU), New Delhi, at the time of Personal Interview. |
| 20. | यदि ऑनलाइन आवेदन में दी गई सूचना भर्ती प्रक्रिया के किसी स्तर पर असत्य पाई जाती है या यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी निर्धारित/विज्ञापित मानदंडों को पूरा नहीं करता है तो अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।<br>If any information furnished in the online application is found false at any stage of recruitment process or if at any stage, it is found that the candidate is not fulfilling the prescribed/advertised criteria, the candidature will be cancelled summarily. |

| | |
|---|---|
| 21. | एक ही पद के लिए अभ्यर्थी द्वारा एकाधिक बार आवेदन करने की स्थिति में, आवेदन की अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत आखिरी आवेदन पर आगे की प्रक्रिया हेतु विचार किया जाएगा।<br>In case of submission of duplicate/multiple applications by candidates for the same post, the last application submitted before the last date of submission of application shall be considered for further processing. |
| 22. | अ.पि.व के अभ्यर्थियों के संबंध में, केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को ऊपरी आयु सीमा में छूट प्राप्त होगी, जो नवोन्नत वर्ग में नहीं आते हैं। अ.पि.व. प्रमाण पत्र में विशिष्ट रूप से नवोन्नत वर्ग से अपवर्जन का उपवाक्य शामिल होना चाहिए तथा वह समय-समय पर अद्यतित/वैध होना चाहिए।<br>In respect of OBC candidates, relaxation in upper age limit will be available only to candidates, who do not fall in creamy layer. OBC certificates must specifically include the clause regarding exclusion from Creamy Layer and should be updated/valid at the relevant point of time |
| 23. | पीडब्ल्यूडी (मानक दिव्यांग) अभ्यर्थियों को वैयक्तिक साक्षात्कार के दौरान कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नई दिल्ली के दि. 29/12/2005 के कार्यालय ज्ञापन सं.36035/3/2004-स्था.(आ.) के अनुसार निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता का मूल प्रमाण पत्र लाना होगा, जिसमें दिव्यांगता का प्रतिशत स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो, जो राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा विधिवत गठित 3 सदस्यों वाले मेडिकल बोर्ड, जिसमें एक सदस्य दिव्यांगता आकलन से संबंधित क्षेत्र का विशेषज्ञ हो, द्वारा जारी किया गया हो। मानक दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए दिव्यांगता की न्यूनतम डिग्री 40% होनी चाहिए।<br>PwBD (Persons with Benchmark Disabilities) candidates have to bring original certificate of disability in the prescribed format as per Ministry of Personnel, Public Grievances & Pension, Department of Personnel & Training, New Delhi vide Office Memorandum No. 36035/3/2004-Estt.(Res) dated 29/12/2005 clearly indicating the percentage of disability, issued by Medical Board consisting of at least 3 members out of which one shall be a specialist in the particular field for assessing the disability, duly constituted by Central or a State Government at the time of Personal Interview. Degree of disability should be minimum 40% for Persons with Benchmark Disabilities (PwBD). |
| 24. | कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता प्रारंभ में एक वर्ष के लिए नियुक्त किया जाएगा और उनके काम के मूल्यांकन और परियोजना की आवश्यकता के आधार पर इस अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है। कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता की नियुक्ति की अधिकतम अवधि पाँच वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है।<br>Junior Research Fellows will be engaged initially for ONE YEAR and is extendable for further periods based on assessment of their work and requirement of project. The maximum period of engagement of Junior Research Fellow shall not exceed FIVE years. |
| 25. | अनुसंधान सहयोगी को प्रारंभ में एक वर्ष के लिए कार्यरत किया जाएगा और उनके काम के आकलन और परियोजना की आवश्यकता के आधार पर इस अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है। अनुसंधान सहयोगी की नियुक्ति की अधिकतम अवधि तीन वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है।<br>Research Associates will be engaged initially for ONE YEAR and is extendable for further period based on assessment of their work and requirement of project. The maximum period of engagement of Research Associate shall not exceed THREE years. |
| 26. | चयनित जेआरएफ को मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों से पीएचडी के लिए पंजीकृत करने और ऐसे संबंधित विषय का चयन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा जिससे उसे तथा सैक को लाभ हो। हालांकि, उन्हें पीएचडी अनुसंधान पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त समय कार्य करना होगा जिसके लिए अलग से कोई छुट्टी नहीं दी जाएगी।<br>The selected JRFs are encouraged to register for Ph.D. from recognized Universities and take up relevant research topic benefitting the individual and SAC. However, they have to work extra time to complete the Ph.D. research for which any leave will not be granted separately. |

| | |
|---|---|
| 27. | किसी प्रकार की कार्य रिपोर्ट प्रकाशित किए जाने के पूर्व उपयुक्त प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त की जानी चाहिए।<br>Clearance of appropriate authority will have to be taken before publishing any work report |
| 28. | जेआरएफ तथा आरए, सैक/इसरो के अनुशासनात्मक विनियमों के अधीन होंगे।<br>JRFs and RAs will be governed by the disciplinary regulations of the SAC/ISRO. |
| 29. | जेआरएफ तथा आरए से यह अपेक्षित होगा कि अपने कार्यकाल की पूर्ति/ त्यागपत्र दिए जाने पर अध्येतावृति के कालावधि में उनके द्वारा किए गए अनुसंधान कार्यों की विस्तृत समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत करे।<br>The JRFs & RAs shall be required to submit a detailed consolidated report of the research work done during the entire period of Fellowship on completion of the tenure/resignation. |
| 30. | किसी भी रूप में प्रभाव डालने का प्रयास करने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया जाएगा।<br>Canvassing in any form will be a disqualification. |
| 31. | किसी भी अंतरिम पत्राचार/फोनकॉल पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>No interim correspondence/phone calls will be entertained. |
| 32. | चयनित अभ्यर्थियों को सैक में नियुक्त किया जाएगा।<br>The selected candidates shall be posted at SAC. |
| 33. | वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए शहर के बाहर से बुलाए गए अभ्यर्थियों को यात्रा का साक्ष्य प्रस्तुत करने पर ऑनलाइन आवेदन में दिए गए पते से वैयक्तिक साक्षात्कार स्थल तक आने-जाने का द्वितीय/शयनयान श्रेणी रेलवे का लघुतम दूरी का किराया, एसी रहित बस का किराया अथवा वास्तविक किराया, जो भी कम हो, प्रदान किया जाएगा चाहे यात्रा रेल, बस, हवाई, इत्यादि किसी भी माध्यम से की गई हो।<br>Outstation Candidates called for Personal Interview will be paid to and fro Second /Sleeper Class Railway Fare or non-AC Bus fare or actual fare whichever is less as per shortest distance from the address given in on-line application to the place ofpersonal interview on production of proof of journey, irrespective of the mode of journey viz., Rail, Bus, Air, etc. |
| 34. | चयनित अभ्यर्थियों कोई मेल द्वारा सूचित किया जाएगा तथा चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा योग्य घोषित किए जाने पर तुरंत पद पर कार्यग्रहण करना होगा।<br>Selected candidates may be intimated through email and have to join the post on being found fit by a Medical Authority. |
| 35. | वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए स्क्रीन-इन नहीं किए गए/नियुक्ति के लिए चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों के साथ किसी भी तरह का पत्राचार नहीं किया जाएगा।<br>No correspondence will be entertained with the candidates who are not screened in for personal interview /not selected for Appointment. |
| 36. | मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) के माध्यम से व्यवसायिक कोर्स करने वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं।<br>Candidates who have pursued professional course through Open and Distance Learning (ODL) are not eligible for consideration . |
| 37. | सरकार ऐसा कार्यबल तैयार करने का प्रयास कर रही है जिसमें लैंगिक संतुलन हो, अतः महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।<br>Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply. |
| 38. | विज्ञापन के अंग्रेजी /हिन्दी के किसी भी खंड की व्याख्या में अस्पष्टता / विवाद के मामले में, सैक का निर्णय अंतिम होगा।<br>In case of any ambiguity/dispute arising on account of interpretation of any clause either in Hindi/English of this advertisement, the decision of SAC will be final. |

| | |
|---|---|
| 39. | इस विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही अहमदाबाद में ही की जा सकती है; और केवल अहमदाबाद के न्यायालयों के पास ऐसे किसी भी मामले/विवादों को निपटाने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा।<br>Any legal proceedings in respect of any matter of claim or dispute arising out of this advertisement can be instituted in Ahmedabad; and the Courts at Ahmedabad only shall have sole and exclusive jurisdiction to try any such cases/disputes. |
| 40. | **कोई भी परिशिष्ट/ अद्यतन/ शुद्धिपत्र केवल सैक वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।** अभ्यर्थी नवीनतम अद्यतन सूचना हेतु सैक वेबसाइट https://www.sac.gov.in या https://careers.sac.gov.in नियमित रूप से देखते रहें।<br>**Any Addendum/Update/Corrigendum will only be published on SAC website**. Candidates should regularly visit the SAC website https://www.sac.gov.in or https://careers.sac.gov.in for latest updates. |

| **ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु सामान्य दिशानिर्देश**<br>**GENERAL GUIDELINES FOR FILLING THE ONLINE APPLICATION FORM** | |
|---|---|
| 1. | आवेदन भरते समय अनुदेशों का सावधानी से पालन करें।<br>Follow instructions carefully while filling application form. |
| 2. | संबंधित कॉलम में अपेक्षित सही आंकडे भरें।<br>Enter correct data in the relevant columns as required. |
| 3. | **फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने हेतु दिशानिर्देश**<br>**Guidelines for uploading Photo and Signature:**<br>आवेदन पत्र जमा करने के लिए उम्मीदवार को हाल ही के रंगीन पासपोर्ट आकार की तस्वीर और हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। निम्नलिखित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पासपोर्ट आकार फोटोग्राफ 1 एमबी से कम की जेपीईजी फाइल होनी चाहिए।/ It is mandatory for the candidate to upload recent Colored Passport Size Photograph and signature to submit the application form. The Passport Size Photograph should be a JPEG file of less than 1 MB with the following guidelines to be followed:<br>➢ सेल्फी की अनुमति नहीं है।/ No selfies allowed.<br>➢ पूरा चेहरा स्पष्ट दिखाई देता हो।/ Frontal view of the full face is visible.<br>➢ बैकग्राउंड सादा/सफ़ेद होना चाहिए।/ Background should be plain/white.<br>➢ धुंधली तस्वीर या हाल के रंगीन पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के अलावा किसी अन्य तस्वीर के साथ अपलोड किया गया आवेदन खारिज कर दिया जाएगा। Application with blurred photograph or any image uploaded other than the recent colored passport size photograph shall be summarily rejected.<br>➢ श्वेत-श्याम तस्वीरों की अनुमति नहीं है। / Black and white photographs not allowed.<br><br>1 एमबी से कम की जेपीईजी फाइल में अभ्यर्थी के हस्ताक्षर का अनुपात7:2 (यदि चौड़ाई 70 पिक्सेल है तो ऊंचाई 20 पिक्सेल) होनी चाहिए।<br>The candidate's signature should have an aspect ratio of 7:2 (if width is 70 pixels then height should be 20 pixel) in JPEG file of less than 1 MB.<br><br>**ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर दिए गए निर्देशानुसार अनिवार्य अर्हता से संबंधित दस्तावेज अपलोड करना भी अनिवार्य है।IT IS ALSO MANDATORY TO UPLOAD DOCUMENTS PERTAINING TO ELIGIBILITY OF THE CANDIDATE AS PER GUIDELINES IN ONLINE APPLICATION PORTAL** |
| 4. | * से चिह्नित फील्ड अनिवार्य हैं और उन्हें आवश्यक रूप से भरा जाना है।<br>Field marked with * is a mandatory field and requires to be filled. |

| | |
|---|---|
| 5. | जब भी माँगा जाये,जाति/जनजाति/ प्रमाण-पत्र, मानक दिव्यांगता प्रमाणपत्र (पीडब्ल्यूबीडी) सैक वेबसाइट पर दिए गए निर्धारित प्रपत्र में अपलोड किए जांए। (फाइल साइज 1. एम.बी. से कम होनी चाहिए।<br>As and when required, valid Caste/Tribe Certificate, Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) Certificate, Discharge certificate should be uploaded in the prescribed format (file size should be less than 1 MB) as given on SAC website:<br>मानक दिव्यांगता प्रमाणपत्र (पीडब्ल्यूबीडी) ( Persons with Benchmark Disability (PWBD)<br>अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति(एसटी) Scheduled Castes (SC)/Scheduled Tribes (ST)<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (अ. पि. व.-एनसीएल)/Other Backward Class-Non Creamy Layer (OBC-NCL) |
| 6. | **नोटः आवेदन केवल एक बार प्रस्तुत किया जा सकता है। 'SUBMIT' बटन एक निर्णायक चरण है,क्योंकि इसके बाद कोई भी सुधार नही किया जा सकेगा। इसलिए प्रस्तुत करने से पूर्व एक बार फिर से सुनिश्चित करें कि जानकारी सही है।**<br>**NOTE**: **Application can be submitted only once. Hence clicking the 'SUBMIT' button is a critical step, as no corrections will be possible subsequently. So you should ensure once again that the information is correct before submitting.** |

| **महत्वपूर्ण तिथियाँ IMPORTANT DATES:** | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण तथा आवेदन हेतु वेबसाइट लिंक खुलने की तिथि<br>Opening date for Online Registration and Applications on website | **17.09.2024<br>(1000 बजे से From 1000 hrs.)** |
| आवेदन सारांश के प्रिंट व ऑन-लाइन पंजीकरण बंद होने की तिथि<br>Closing date for online registration, submission of application and printing of application summary | **07.10.2024<br>(1730 बजे तक Till 1730 hrs.)** |

| **संपर्क नंबर CONTACT NUMBERS:** | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन करने के दौरान तकनीकी पूछताछ के लिए<br>For technical queries occurred during applying online | 079 2691 3130/57 |
| सामान्य पूछताछ के लिए<br>For general queries | 079 2691 3025 / 22 |
| ई-मेल पता<br>Email address | ao_rr@sac.isro.gov.in |
| विज्ञापन में पूर्व से ही उपलब्ध सूचना के बारे में पूछताछ किए जाने पर उसका जबाव ई-मेल/टेलीफोन से नहीं दिया जाएगा।<br>(Queries for which information is available in the advertisement shall not be replied over phone / email.) | |
| **अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट https://www.sac.gov.in या https://careers.sac.gov.in देखें।**<br>**VISIT OUR WEB-SITE https://www.sac.gov.in or https://careers.sac.gov.in FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION.** | |